# भ्रष्टाचार को लेकर परिषद बैठक में होता रहा हंगामा

## बहुमत के आधार पर प्रस्ताव किए पारित

**इंदौर, 31 जनवरी.** गुरुवार को हुई नगर निगम परिषद की बैठक फिर हंगामे की भेंट चढ़ गई और बहुमत के आधार पर प्रस्ताव स्वीकृत कर लिये गये. भाजपा व कांग्रेस दोनों दलों के पार्षदों ने एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और हंगामा किया. सरकार बदलने के बाद हुई पहली बैठक में नए विधायक व मंत्री भी मौजूद थे.

ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में गुरुवार को नगर निगम परिषद की बैठक तीन विषयों पर आयोजित की गई थी. एजेण्डे के विषय थे कचरे से खाद बनाने संबंधी, रीगल टॉकीज के लीज संबंधी और गणेशोत्सवअनुदान संबंधी प्रकरण. बैठक की शुरूआत हंगामेदार रही. बैठक शुरू होते ही भाजपा पार्षदों ने जवाहर मार्ग ब्रिज के लोकार्पण अवसर पर महापौर मालिनी गौड़ और विधायक आकाश विजयवर्गीय की अनदेखी का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया. भाजपा पार्षदों ने कार्यक्रम में महापौर के कथित अपमान को लेकर निंदा प्रस्ताव लाने की मांग की, सभापाति अजय सिंह नरूका उन्हें शांत करवा ही रहे थे कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेसी पार्षद भी अपने स्थान पर खड़े होकर हंगामा करने लगे. पूरी बैठक के दौरान भ्रष्टाचार के साथ विभिन्न मुद्दों पर बहस चलती रही और हंगामा होता रहा. अंत में बहुमत के आधार पर तीनों प्रस्तावों को पारित कर दिया गया. हंगामे में खास बात यह रही कि भाजपा के ही पार्षद ने अपनी पार्टी के पार्षदों पर आरोप लगा दिया. इसका कांग्रेसी पार्षदों ने भी समर्थन किया.







**मंत्री व विधायकों का स्वागत**

परिषद् बैठक में कांग्रेस शासनकाल के मंत्री तुलसी सिलावट, नए नवेले विधायक आकाश विजयर्गीय, संजय शुक्ला आदि भी मौजूद थे जिनका पहली बार आने पर स्वागत किया गया. वहीं उन्होंने एक दूसरे का अभिवादन भी किया.

**मंत्री के प्रतिनिधि का नाम नहीं होने पर भी हंगामा**- सभापति ने जब विधायक और मंत्री जीतू पटवारी के प्रतिनिधि का नाम सूची में नहीं होने पर उन्हें पार्षदों के बीच बैठने से मना किया तो कांग्रेसियों ने सभापति का मंच घेर लिया. यह देख भाजपा पार्षद भी मंच के पास पहुंच गए और दोनों ओर से हंमागा शुरू हो गया. मंत्री प्रतिनिधि दिलीप सुरागे ने कहा कि वे परिषद की तीन बैठक से पार्षदों के साथ ही बैठ रहे हैं. इस बार ऐसा क्या हो गया. उन्होंने कहा - सांसद प्रतिनिधि के पास भी लेटर नहीं है, फिर वे क्यों यहां बैठे हैं. इस पर सभापति ने कहा- उनका लेटर मेरे पास आ गया है. इस पर सुरागे ने लेटर दिखाने को कहा. इस पर सभापति ने कहा- यह मेरा अधिकार है कि लेटर दिखाऊं या नहीं. विवाद ज्यादा बढ़ा तो सभापति ने कुछ दे के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी.

**मानदेय बढ़ाने की मांग**- निगम की बैठक में हाल ही में निर्वाचित हुए विधायकों ने भी भाग लिया। बैठक में आए कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला और भाजपा विधायक आकाश विजयवर्गीय ने गले लगकर एक दूसरे का अभिवादन किया. वहीं विधायक और कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट ने महापौर मालिनी गौड़ की शहर को दो बार सफाई में नंबर वन लाने के लिए बधाई दी. सिलावट ने इंदौरवासियों को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। इसी दौरान मंत्री सिलावट से रुबीना इकबाल ने पार्षदों का मानदेय 6 हजार से बढ़ाकर 25 हजार करने की मांग की. इस पर सिलावट ने कहा- वे इस इस संबंध में वे मुख्यमंत्री कमलनाथ से चर्चा करेंगे.

**सभापति पर मनमानी करने का आरोप**- नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष फौजिया शेख अलीम ने निगम परिषद के सभापति पर मनमानी और तानाशाही का आरोप लगाया. फौजिया का कहना है कि पिछले 4 वर्षों से निगम परिषद बैठक का संचालन नियम के विरूद्ध कर रहे हैं। फौजिया का कहना था आज की बैठक में भी उन्होंने कुछ इसी प्रकार का तानाशाही भरा रवैया अपनाये रखा। उन्होंने एजेंडे के 3 विषय कचरे से खाद बनाने संबंधी, रीगल टॉकिज के लीज संबंधी तथा गणोत्सव अनुदान संबंधी प्रकरणों के केवल विषय क्रमांक एवं विषय पढ़कर मात्र 2 मिनट में बिना किसी चर्चा के निपटारा कर दिया. अजेण्डे के विषयों पर चर्चा और बहस करवाने की मांग को अनसुना कर दिया. कांग्रेस पार्षद द्वारा जनहित और भ्रष्टाचार से संबंधित प्रस्तुत पार्षदों प्रश्नों का उत्तर भी संबंधित एमआईसी सदस्यों द्वारा अधूरा एवं असत्य जानकारी के साथ दिया गया.



# कान्ह नदी सफाई प्रोजेक्ट में आई तेजी

## प्रशासन की टीम ने सीमांकन का कार्य शुरू किया



**इंदौर, 31 जनवरी.** कान्ह (खान) और सरस्वती नदी के किनारे सीमांकन का कार्य गुरूवार से प्रारंभ हो गया. आज अपर कलेक्टर कैलाश वानखेड़े व एसडीएम ने खुद मौके पर जाकर टीम के काम और मौके की चुनौतियों का निरीक्षण किया।

अपर कलेक्टर श्री वानखेड़े ने बताया कि कलेक्टर द्वारा गठित टीमों द्वारा नदी के दोनों किनारे का अतिक्रमण और शासकीय भूमि का चिन्हांकन करने के साथ ही मुनारे लगाने का काम आज से प्रारंभ हो गया है. उन्होंने बताया कि कलेक्टर लोकेश कुमार जाटव के द्वारा नदियों के सीमांकन और सफाई प्रोजेक्ट के लिये चार टीमें गठित की गई हैं. गठित टीमें अलग-अलग स्थानों से सीमांकन का कार्य कर रही है। गुरूवार को अपर कलेक्टर श्री वानखेड़े के दिशा-निर्देश एवं एसडीएम राकेश शर्मा के मार्गदर्शन पर राजस्व निरीक्षक श्रीराम राठौर और अभय भटोरे एवं पटवारी द्वारा पिपल्याराव रिजनल पार्क से नहर भंडारा (राजीव गांधी चौराहे) तक लगभग 338 मीटर की लंबाई में नदी का सीमांकन किया गया. इस दौरान 70 अतिक्रमणकारी भी चिन्हित किये गये. दूसरी टीम में राजस्व निरीक्षक हेमंत उइके एवं पटवारी द्वारा तीन इमली चौराहे से पालदा काकड़ की ओर 500 मीटर लंबाई में सीमांकन किया गया. इसी तरह कलेक्टर द्वारा गठित अन्य दो टीमों ने भी अपने क्षेत्र में सीमांकन का कार्य किया.

ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों का पालन जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है. राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण की मंशा है कि इंदौर की कान्ह और सरस्वती नदी अतिक्रमण, प्रदूषण और गंदे पानी से पूरी तरह मुक्त हो और अपने प्राचीन स्वरूप में प्राकृतिक पानी से कल-कल बहे. इंदौर जिले के कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी संगठन भी चाहते हैं कि कान्ह नदी प्रदूषण से मुक्त हो. कान्ह नदी के प्रदूषण से मुक्त होने पर स्वच्छता में देश में नंबर वन शहर इंदौर की गरिमा और स्तर बढ़ेगा. इस दिशा में आयुक्त इंदौर संभाग और राज्य शासन भी प्रयत्नशील है. इसी दिशा में प्रशासन ने नदी सफाई प्रोजेक्ट में कार्य प्रारंभ कर दिया है. उक्त कार्य समय-सीमा में संपन्न करवाया जाएगा.

# पंजीयन विभाग के अधिकारी शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का प्रयास करें : राठौर

इंदौर, 31 जनवरी. पंजीयन, आबकारी एवं वाणिज्यिक कर मंत्री बृजेन्द्र सिंह राठौर ने आज पंजीयन विभाग के अधिकारियों की रेसीडेंसी सभाकक्ष में बैठक लेते हुये कहा कि पंजीयन विभाग के अधिकारी राजस्व बढ़ाने का दिन-रात प्रयास करें और राज्य शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य पूरा करें.उन्होंने कहा कि विभाग में यदि कोई कमी या विसंगति है तो अधिकारीगण कभी भी व्यावहारिक सुझाव दे सकते हैं, जिससे राज्य शासन के कर राजस्व में और अधिक वृद्धि हो तथा जनता को और अधिक सहूलियतें मिलें। हमें टीम भावना से मिलजुल कर दो मोर्चे पर काम करना है. एक तो जनता के लिये रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया को आसान बनाना है और दूसरा कर राजस्व बढ़ाना है। पंजीयन विभाग एक महत्वपूर्ण विभाग है।

पंजीयन विभाग के कर राजस्व से ही सरकार की कल्याणकारी योजनाएँ चलती है। इसलिये इस ओर हमें विशेष ध्यान देने की जरूरत है. श्री राठौर ने कहा कि विभाग के मैदानी अमले को व्यावहारिक कठिनाइयों की अधिक जानकारी रहती है। प्रदेश में अकेले इंदौर जिले से कुल राजस्व का लगभग 22 प्रतिशत कर प्राप्त होता है। इसलिये इंदौर जिले और इंदौर संभाग का प्रदेश में पंजीयन विभाग के नजरिये से विशेष महत्व है. बैठक में इंदौर, धार, खण्डवा, खरगोन, झाबुआ, अलीराजपुर, बुरहानपुर और बड़वानी जिले के पंजीयन अधिकारी मौजूद थे।



**अधिकारियों ने दिये सुझाव**

बैठक में अधिकारियों ने सुझाव दिया कि ऑनलाइन होने वाली रजिस्ट्री में कर वृद्धि से राज्य शासन की आय बढ़ सकती है. उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि इंदौर विकास प्राधिकरण, कृषि उपज मण्डी और रोगी कल्याण समितियों की सम्पत्तियों की रजिस्ट्री करते समय बाजार भाव पर ड्यूटी लगाई जाये. अधिकारियों ने बैठक में मंत्री श्री राठौर से स्टॉफ और स्टेशनरी आदि की कमी बतायी. अधिकारियों ने सुझाव दिया कि विभाग में आउट सोर्सिंग से स्टॉफ की समस्या का समाधान हो सकता है. बैठक में वरिष्ठ जिला पंजीयक बी.के. मोरे, आर.एन. शर्मा, बी.के. शुक्ला, श्री अमरेश नायडु आदि मौजूद थे.

## आबकारी अधिकारीगण कर राजस्व बढ़ाने का प्रयास करें

पंजीयन, आबकारी एवं वाणिज्यिक कर मंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह राठौर ने आज आबकारी विभाग के अधिकारियों की रेसीडेंसी सभाकक्ष में बैठक लेते हुए कहा कि आबकारी अधिकारीगण कर राजस्व बढ़ाने का प्रयास करें और समय-समय पर विभाग को ऐसे सुझाव दें, जिससे शासन की आय में वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग एक महत्वपूर्ण विभाग है। इस विभाग से सतत कर प्राप्त होने से राज्य शासन द्वारा शासन की अनेक कल्याणकारी योजनाएँ चलायी जा रही हैं. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में अवैध शराब की बिक्री बिल्कुल नहीं होना चाहिये और शराब के अवैध अहाते भी नहीं चलना चाहिये। अगर इस संबंध में कोई शिकायत होगी तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी. इसी प्रकार मंदिर, मस्जिद और स्कूल के पास भी शराब की दुकान नहीं होना चाहिये. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पुरानी बकाया वसूली में तेजी लायें। अगले एक साल में पिछले पाँच साल की सारी बकाया वसूली पूरी हो जाना चाहिये। विभाग पुरानी बकाया वसूली के लिये अभियान चलायें। बैठक में अधिकारियों ने सुझाव दिया कि शराब दुकान से अगर वैध अहाता संलग्न है तो शराब की बिक्री अधिक होती है. इस अवसर पर उपायुक्त संजय तिवारी के अलावा इंदौर, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, खण्डवा, खरगोन, बुरहानपुर और बड़वानी जिले के सहायक आयुक्त, आबकारी मौजूद थे. उन्होंने बैठक में मंत्री श्री राठौर को सुझाव दिये और मैदानी स्तर पर व्यावहारिक कठिनाइयों की ओर मंत्रीजी का ध्यान आकर्षित किया.

# नौकरी नहीं दिलवाई तो युवती को कालगर्ल बताकर नंबर और फोटो वायरल किया

**इंदौर. नौकरी ना दिलवाने की बात पर बहस होने के कारण युवती को कालगर्ल बताकर फोटो तथा मोबाइल नंबर व्हाटसएप ग्रुप में वायरल करने वाले आरोपी को व्ही केयर फार यू ने गिरफ्तार किया है. नंबर वायरल होने से अलग-अलग नम्बरों से फोन कर अश्लील बातें करते हैं.**

व्ही केयर फॉर यू में हीरानगर क्षेत्र की रहने वाली युवती रागिनी (परिवर्तित नाम) ने बताया कि परिचित युवक द्वारा युवती के मोबाइल नंबर व फोटो को किसी व्हाट्सएप ग्रुप में यह लिखते हुये वायरल किया गया कि वह एक कॉल गर्ल है तथा भोपाल की रहने वाली है जो कि इंदौर में रहकर काम कर रही है. युवती को कॉलगर्ल बताकर उसका मोबाइल नम्बर वायरल होने से उसके पास नये-नये नम्बरों से फोन कॉल आ रहे थे. जो युवती से अश्लील बातें कर रहे थे. शिकायत पर वी केयर फॉर यू की टीम द्वारा जांच में पता चला की युवती तथा आरोपी दोनों एक शेयर बाजार में पैसा निवेश कराने वाली कंपनी में ग्राहकों के एडवाइजरी के रूप में काम करते थे. जिसके चलते दोनों के मध्य परस्पर बातचीत होती रहती थी. युवती द्वारा किसी अन्य निजी फर्म को ज्वाइन करने के बाद, आरोपी भी कंपनी बदलकर अन्य कहीं नौकरी करने का इच्छुक था. जिसके बाद युवती ने किसी कंपनी में पदों की रिक्तियां होने पर आरोपी की नौकरी लगवाने की बात कही थी, परन्तु किन्हीं अनियमितताओं के चलते युवती ने आरोपी को जॉब दिलवाने से इंकार कर दिया. इसी बात से नाराज आरोपी द्वारा बार-बार युवती को कॉल व मैसेज कर परेशान करने लगा. जिसका विरोध करने पर आरोपी ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए युवती से बहस की, तथा समझाइश के बाद भी आरोपी नहीं माना और उसने अपनी भड़ास निकालते हुये स्वयं के वाट्सएप नंबर से युवती के मोबाइल नंबर व फोटो उसको कॉलगर्ल बताते हुए अपने दोस्तों के वाट्सएप ग्रुप मे वायरल कर दिए. मोबाइल नंबर वायरल होने से युवती के पास अलग-अलग नंबरों से लगातार कॉल आ रहे थे. जो कि युवती अश्लील बातें कर रहे थे.


**महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन**
**(महाराष्ट्र सरकार उपक्रम)**
MIDC

**ई-निविदा नोटिस नं. 05/2019**

पंजीकृत ठेकेदारों से कार्य हेतु मोहरबंद निविदा आमंत्रित है.

| स.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | फलटन इंडस्ट्रियल एरिया... प्रोवा. फाइनल एसफाल्ट ट्रीटमेंट टु मेन रोड | रुपए 8526398/- |
| 2. | सुपा पारनेर इंडस्ट्रियल एरिया प्रोवा. लेइंग एंड ज्वाइंटिंग 450 मिमी डाय, डी.आई. के-7 ग्रेविटी मेन फ्रॉम एस.एच. नं. 60 टु एचएसआर @ सुपा पारनेर इंड. एरिया | रुपए 17704625/- |

सादे ई-निविदा फार्म व अन्य विवरण क्र. 1 व 2 हेतु 1/2/2019 से 11/3/2019 तक एमआईडीसी वेबसाइट (www.midcindia.org) पर उपलब्ध हैं.


# पुलिस सेठी की संपत्तियों की जुटा रही जानकारी

**इंदौर.** पुलिस ने संदीप अग्रवाल उर्फ संदीप तेल की हत्या के मुख्य आरोपित रोहित सेठी की कुंडली निकाल ली है. रोहित की फर्जी कंपनियों,अवैध मकानों,बैंक खातों सहित अन्य कई जानकारियां जुटाई हैं. सेठी द्वारा की गई हर गलती की जांच की जा रही है,लेकिन संदीप की हत्या के पहले जब रोहित की शिकायतें पुलिस के पास पहुंची थी तब पुलिस आंखे मूंदे बैठी रहती थी. अब भी शहर के कई अपराधियों के कब्जों की शिकायतें पुलिस के अलग-अलग थानों और अधिकारियों के पास लंबित हैं. जिन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है. लंबे समय से यह फर्जी कंपनियां रोहित चला रहा था. लेकिन कभी पुलिस ने ध्यान नहीं दिया.

**नहीं दिला पाई राहत**- वहीं ट्विंकल डागरे हत्याकांड में आरोपित बनाए गए जगदीश करोतिया उर्फ कल्लू और उसके बेटों द्वारा किए गए कब्जों से भी पुलिस अब तक लोगों को राहत नहीं दिलवा पाई है. जबकि डीआईजी हरिनारायण चारी मिश्र ने करोतिया के कब्जों को छुड़वाने की बात कही थी. पिछले दिनों एक आश्रम के सैकड़ों लोग इस मामले में डीआईजी से मिलने भी पहुंचे थे. उधर संदीप अग्रवाल के भाई प्रदीप अग्रवाल ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज देकर संदीप के घर पहुंचे लोगों की पहचान करने का कहा है. उसने बताया कि कुछ लोगों देर रात दरवाजा खटखटाया था. फुटेज में भी महिलाएं और पुरूष दिख रहे हैं. पुलिस प्रथम दृष्टया इन्हें चोर या पारदी गिरोह के लोग मान रही है. पुलिस ने संदीप के घर की सुरक्षा बढाई है.


जावक क्र. 471/2019
कार्यालय चैरिटी कमिश्नर
महाराष्ट्र राज्य, मुंबई
धर्मादय आयुक्त भवन
83, डॉ. एनीबेसेंट रोड, वर्ली, मुंबई-400018

**पब्लिक नोटिस**

**आवेदन क्र. 1211 ऑफ 2018**
**महाराष्ट्र पब्लिक ट्रस्ट, 1951 के नियम 36 के तहत**
**के प्रकरण में : सरस्वती विश्वांभरलाल चैरिटी ट्रस्ट, पी.टी.आर.नं. ई-1102 (मुंबई)**
**श्री सुनील दमानी**
**बनाम**
**श्री सुशील जालान व अन्य 7**

**प्रति,**
**8, सिद्धार्थ मोहन, 7, जॉय पलासिया, इंदौर-452001 (म.प्र.)**
संज्ञान लें कि उक्त नामित आवेदक ने महाराष्ट्र पब्लिक ट्रस्ट के नियम 36 के तहत आवेदन दर्ज किया है. (प्रति संलग्न)
तथा क्योंकि उक्त मामले को एलडी चैरिटी कमिश्नर महाराष्ट्र राज्य मुंबई के सामने 8 फरवरी, 2019 को प्रात: 11.30 बजे आपकी हाजिरी तथा स्वयं या किसी एडवोकेट के जरिए अपना बयान दर्ज करने के लिए निर्धारित किया गया है.
यदि आप उक्त तिथि व समय पर मौजूद नहीं हो पाते हैं तो मामले की सुनवाई व फैसला एक्स-पार्टी आपकी गैर हाजिरी में होगा.
**मेरे द्वारा एवं चैरिटी कमिश्नर, महाराष्ट्र राज्य, महाराष्ट्र की सील पर दि. 30 जनवरी, 2019 को प्रदान.**

**भवदीय**
**(एस.एस. लोके)**
**अधीक्षक (जे)**
**कार्यालय चैरिटी कमिश्नर**
**महाराष्ट्र राज्य मुंबई**


## तरूण जत्रा वसंतोत्सव का आयोजन 8 फरवरी से

इंदौर. हीरक जयंती रहवासी संघ, तरूण मंच एवं महाराष्ट्र समाज, राजेंद्र नगर परिसर द्वारा तीन दिनी तरूण जत्रा वसंतोत्सव आयोजित की जा रही है. 8 से 10 फरवरी तक दशहरा मैदान में आयोजित हो रही जत्रा में 50 से अधिक मराठी व्यंजनों के लुत्फ के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित होगी. आयोजन में मुंबई के प्रसिद्ध कलारंजन समूह के कलाकारों द्वारा लावणी नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी. इसके अतिरिक्त कई स्पर्धाएं और खेल आयोजित होंगे. मराठी पारंपरिक व्यंजनों की करें तो यहां पुणे की प्रसिद्ध अरबी के पत्तों की बड़ी, खरवट, पातोड़ी रस्सा, खानदेशी पात्रे, सांभर वडी, पोहे वडा उकरपेंडी, भरडा वडा, होळ्याची करंजी जैसे कई लजीज व्यंजनों का आनंद यहां लिया जा सकेगा.


क्रमांक/153/लो.नि.शा./2019 **:: ई-निविदा आमंत्रण::** रतलाम, दिनांक 29/01/2019

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रण की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी ऑन लाईन वेब साईड https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

| क्रं. | ऑन लाईन निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | समय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8753 | वार्ड क्रं. 3 पीएनटी कॉलोनी मेन रोड की साइड में यूशेप नाली निर्माण कार्य। | 370000 | 7400 | 2000 | 3 माह |
| 2 | 8756 | वार्ड क्रं. 22 मानस भवन स्थित स्टेज पर पीवीसी फाल सिलिंग लगाने व गेट लगाने का कार्य। | 392000 | 7840 | 2000 | 3 माह |
| 3 | 8765 | वार्ड क्रं. 35 मिशन अस्पताल की गली में सीसी सड़क निर्माण कार्य। | 194000 | 3880 | 1000 | 3 माह |
| 4 | 8758 | वार्ड क्रं. 16 कलीमी कॉलोनी क्षेत्र में पुराने नाले पर डामर सील कोट कार्य। | 211000 | 4220 | 2000 | 3 माह |
| 5 | 8766 | वार्ड क्रं. 28 आजाद नगर नाले से दिलीप नगर तक डामरीकृत सड़क निर्माण कार्य। | 970000 | 19400 | 2000 | 3 माह |
| 6 | 8759 | वार्ड क्रं. 8 निराला नगर में डामरीकृत सड़क निर्माण कार्य। | 390000 | 7800 | 2000 | 3 माह |
| 7 | 8761 | वार्ड क्रं. 22 विधायक निधि से त्रिवेणी मुक्तिधाम में परिजन विश्राम हेतु शेड निर्माण कार्य। | 2428000 | 48560 | 5000 | 3 माह |
| 8 | 8767 | वार्ड क्रं. 38 पुजारी गली में सीसी निर्माण कार्य। | 167000 | 3340 | 1000 | 3 माह |
| 9 | 8762 | वार्ड क्रं. 14 काटजू नगर जैन मंदिर वाली सड़क पर आरसीसी क्रास ड्रेन निर्माण कार्य। | 296000 | 5920 | 2000 | 3 माह |
| 10 | 8763 | वार्ड क्रं. 10 स्नेह नगर बगीचे में टीन शेड निर्माण कार्य। | 147000 | 2940 | 1000 | 3 माह |
| 11 | 8764 | वार्ड क्रं. 19,20 दीनदयाल नगर में सीसी सड़क निर्माण कार्य। | 1760000 | 35200 | 2000 | 3 माह |
| 12 | 8769 | वार्ड क्रं. 29 प्रताप नगर में सीसी सड़क निर्माण कार्य। | 1926000 | 38520 | 2000 | 3 माह |

1- उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र ऑन लाईन भुगतान कर, क्रय किये जा सकते है। निविदा क्रय तथा प्रस्तुत करने की समय सारणी निम्नानुसार है:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publish date:* | 31-01-2019 16:00 | Pre Bid Meeting Date: | |
| Document Download/sale Start Date:* | 31-01-2019 16:30 | Document Download/sale End Date:* | 14-02-2019 17:30 |
| Bid Submission Start Date:* | 31-01-2019 17:00 | Bid Submission End Date:* | 16-02-2019 17:30 |
| Bid Opening Date :* | 18-02-2019 15:30 | Physical Proposal Submission Date:* | 20-02-2019 15:30 |

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, रतलाम



**Maral Overseas Limited**
PROUD TO BE INDIAN PRIVILEGED TO BE GLOBAL

**Un-audited Financial Results for the Quarter and Nine Months ended 31st December, 2018**
(₹ in lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31.12.2018 | 30.09.2018 | 31.12.2017 | 31.12.2018 | 31.12.2017 | 31.03.2018 |
| | Un-audited | Un-audited | Un-audited | Un-audited | Un-audited | Audited |
| Total Income from Operation (Net) | 19221 | 19986 | 18547 | 57037 | 49005 | 65312 |
| Net Profit/(Loss) for the period (before tax, Exceptional and / or Extra ordinary items) | 297 | 435 | (371) | 1149 | (151) | 60 |
| Net Profit for the period before tax (after Exceptional and/or Extra ordinary Items) | 297 | 435 | (371) | 1149 | (151) | 60 |
| Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extra ordinary Items) | 177 | 273 | (236) | 719 | (100) | 99 |
| Total Comprehensive income for the period (Comprising profit/Loss for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax) | 464 | 196 | (126) | 898 | (167) | (23) |
| Equity Share Capital | 4150.80 | 4150.80 | 4150.80 | 4150.80 | 4150.80 | 4150.80 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance sheet of the previous year) | | | | | | 5232 |
| Earning Per Share (of Rs. 10/-each) (before and after Extra ordinary items) | | | | | | |
| Basic | 0.43 | 0.66 | (0.57) | 1.73 | (0.24) | 0.24 |
| Diluted | 0.43 | 0.66 | (0.57) | 1.73 | (0.24) | 0.24 |

**Notes:**

1. The above Results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at its Meeting held on 31st January, 2019. The statutory auditors have carried out the limited review of the results for the Period ended December 31, 2018.
2. This statement has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS), prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013, and other recognized accounting practices and policies to the extent applicable.
3. The above is an extract of the detailed format of un-audited financial result for the quarter and nine months ended 31.12.2018 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the un-audited financial results for the quarter and nine months ended 31.12.2018 are available on the Stock Exchanges websites (www.bseindia.com, www.nseindia.com) and on the Company's website (www.maraloverseas.com).
4. The figures of the previous period / year have been regrouped / recast wherever considered necessary.

**By Order of the Board**
**For Maral Overseas Limited**
**Sd/-**
**Shekhar Agarwal**
**Managing Director**
**DIN: 00066113**

**Place : Noida (U.P.)**
**Dated : 31st January, 2019**

**CIN : L17124MP1989PLC008255 • Registered Office:** Maral Sarovar, V. & P.O. Khalbujurg, Tehsil Kasrawad, Distt. Khargone - 451 660 (M.P.), Phone: +91-7285-265401-265405, Fax: +91-7285-265406
**Corporate Office:** Bhilwara Towers, A-12, Sector-1, Noida - 201 301 (U.P), Phone: +91-120-4390300 (EPABX), Fax: +91-120-4277841
E-mail: maral.investor@lnjbhilwara.com; Website: www.maraloverseas.com